रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2023/1791   जबलपुर दिनांक 03/10/23

<u>अधिसूचना</u>

अधिसूचित किया जाता है कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के स्नातक (बी.ए./बी.काम.) द्वितीय वर्ष अंतिम अवसर (पुरानी पद्धति) मई–जून 2023 की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाइन के माध्यम से भराये जाने की तिथि एवं शुल्क का विवरण निम्नानुसार है।

तिथियां

नवीन परीक्षार्थियों की नामांकन शुल्क –	330/–
ईमीग्रेशन शुल्क (म.प्र. से बाहर के विश्वविद्यालय के परीक्षार्थियों को देय होगा)	330/–
आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने एवं नामांकन करने की तिथि–	04.10.2023 से 12.10.2023 तक (बिना विलंब शुल्क के)
विलंब शुल्क 100/– के साथ	14.10.2023 तक
विलंब शुल्क 750/– के साथ	16.10.2023 तक

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/– देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरणः–	स्वाध्यायी छात्र	भूतपूर्व छात्र
बी.ए./बी.काम. द्वितीय वर्ष	2460/–	2460/–

1. जिन विद्यार्थियों ने स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण की है। ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र न भरें। यदि किसी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाता है तो उसकी जबाबदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी तथा परीक्षा शुल्क वापिस नहीं किया जावेगा।

नोटः– विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी निर्धारित तिथि के पश्चात् जमा करने पर रूपये 100/– प्रति छात्र विलंब शुल्क देय होगा ।

(1) इस प्रकिया के अंर्तगत छात्र एम.पी. आनलाइन के पोर्टल पर सर्वप्रथम सेवायें आप्शन पर जाकर फिर प्रायवेट एनरोलमेंट (नामांकन लिंक) पर जाकर एनरोल्ड करेगा, जिससे एप्लीकेशन नंबर जनरेट होगी। छात्र नामांकन फार्म भरते समय पहले जिले, केन्द्र व कोर्स का चयन करेगा। छात्र कोर्स एवं केन्द्र का चयन करते समय सावधानी बरतें।

(2) जो परीक्षार्थी इसी विश्वविद्यालय से वर्ष 2022 में स्नातक द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण किया है विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त रोल नम्बर/नामांकन क्रमांक के आधार पर प्राइवेट एक्जाम लिंक पर जाकर परीक्षा फार्म भरेगा। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करेगा। नामांकन व परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी परीक्षार्थी द्वारा चुने गये अग्रेषण महाविद्यालय में जमा की जायेगी।

(3) महाविद्यालय स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं से नामांकन एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी प्राप्त करते समय परीक्षार्थियों से परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 250/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 तक जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रू. विश्वविद्यालय में जमा करायेंगे ।

(4) तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा छात्रों के पंजीयन आवेदन पत्र का परीक्षण करेगा एवं एप्रूवल **Approvel** करेगा उसके पश्चात् **Admit card** एवं **Second Signature Sheet** जनरेट होगी। **Online** आवेदन की हार्डकापी अंकसूची के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक **19/10/ 2023** तक विश्वविद्यालय में संबंधित कार्य सहायक के पास जमा करें।

1. जन्मतिथि प्रमाणपत्र 2. अंकसूची 3. माइग्रेशन 4 गैप सर्टिफिकेट

कुलपति जी के आदेशानुसार

उप–कुलसचिव (परीक्षा)

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2023/1791 "अ"   जबलपुर, दिनांक 03/10/23

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुतः—</u>

01. प्राचार्य समस्त संबंद्ध स्वाध्यायी परीक्षा संचालन हेतु अधिकृत महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय समस्त सूचनाएं छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।

02. नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना की एम.पी. आनलाईन को अग्रेषित करे एवं परीक्षा फार्म भरवाने की तैयारी करें।

03. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र वेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

04. नगर के समस्त समाचार पत्रों के सम्मानीय संपादकों एवं केबिल नेटवर्क के प्रबंधकों को इस अनुरोध के साथ कि कृपया छात्र हित में इस अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रसार माध्यम के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित करने की कृपा करें।

05. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर